कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरणट्रांसपोर्ट नगर, सहारनपुर रोड देहरादून

पत्रांक 494 /विकास कार्य/नि0सू0/2021–22 दिनांक 16.09..2021

ई–निविदा सूचना

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण में वित्तीय वर्ष 2021–22 में ए श्रेणी में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारो/ फर्मो जो आयकर, व्यापार कर/जी0एस0टी0 देहरादून में भी पंजीकृत हो ऐसे फर्म/ठेकेदारों से हरबर्टपुर बस अडडे एवं डोईवाला बस अडडे के निर्माण कार्य हेतु निविदा फार्म/ बिल ऑफ क्वान्टिटी के साथ संलग्नक में अंकित विशिष्टियों हेतु मुहरबन्द ई–निविदा दिनांक 11.10.2021 को अपरान्ह 2.00 बजे तक uktenders.gov.in की बैबसाईट में प्रतिभाग/अपलोड कर सकते है। प्राप्त ई निविदाओं को निविदा समिति /अधिकृत प्राधिकारी द्वारा दिनांक 12.10.2021 को अपरान्ह 2.00 बजे उपरान्त उपस्थित निविदादाताओं / प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा । आगणन में अंकित विशिष्टियों की मात्रा पूर्णत अनुमानित है इसमें परिवर्तन (घटत/बढत) सम्भावित है परन्तु भुगतान वास्तविक कार्य के माप/आंकलन के आधार पर किया जायेगा ।

इच्छुक प्राधिकरण में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म द्वारा उक्त कार्यो हेतु अलग–अलग निविदा मूल्य रू0 1180/– (जी0एस0टी0 सहित) की धनराशि का पे–आर्डर जो सचिव, एम0डी0डी0ए0 के पक्ष में हो, एवं निर्धारित राशि की धरोहर राशि जो एफ0डी0आर0/ सी0डी0आर0 / एन0एस0सी0 के रूप में होगी, तथा अधीक्षण अभियन्ता,म0दे0वि0प्रा0 के नाम बन्धक होगी, को उक्त बैबसाईट में उक्त तिथि व समय तक निविदा प्रस्ताव के साथ स्कैन करना होगा तथा मूल प्रति उक्त तिथि दिनांक 12.10..2021 को अपरान्ह 1.00 बजे तक प्राधिकरण के सम्बन्धित अनुभाग में रखें निविदा बाक्स में अलग अलग कार्य हेतु अलग अलग लिफाफों में जॉब नम्बर एवं कार्य का नाम तथा जी0एस0टी0 नम्बर अंकित करते हुए डालना होगा। निर्धारित समय तक धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 व निविदा मूल्य का ड्राफ्ट निविदा बाक्स में जमा न करने की दशा में उस फर्म की निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा मूल्य का बैंक ड्राफ्ट दिनांक 16.09..2021 की तिथि के बाद का होना आवश्यक है तथा ओवर राईटिंग किया हुआ बैंक ड्राफ्ट मान्य नहीं होगा। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र, जी0 पी0 डब्लू0–9 एवं उत्तराखण्ड शासन द्वारा परफोरमेन्स सिक्यूरिटी एवं जमानत राशि हेतु जारी शासनादेश संख्या शासनादेश संख्या 1197/II (2)/07–75(सामान्य)/II दिनांक 24–2–2014 एवं अन्य के अनुसार होगी । जी0एस0टी0 नियमानुसार देय होगी। समस्त निविदाओं की बैधता 90 दिन मान्य रहेगी।

क्र0सं0	विवरण	लागत (रू0 लाख में)	धरोहर राशि	समय
1	हरबर्टपुर में बस अडडे का निर्माण कार्य	343.03	6,86,100.00	06
2	डोईवाला में बस अडडे का निर्माण कार्य	271,89	5,44,000.00	06

अधीक्षण अभियन्ता
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण,
देहरादून ।

प्रतिलिपिः–

1– सचिव/मुख्य लेखाधिकारी म0दे0वि0प्राधिकरण देहरादून ।
2– समस्त अधिशासी अभियन्ता, म0दे0वि0प्राधिकरण, देहरादून।
3– नगर निगम/लोक निर्माण विभाग/जिला परिषद /सिचाई विभाग के नोटिस बोर्डो पर चस्पा हेतु।
4– नाजिर म0दे0वि0प्राधि0 को इस आशय से प्रेषित कि वह दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराकर अखबार की प्रति इस अनुभाग को उपलब्ध करायेगें ।
5– आई0टी0 अनुभाग को इस आशय से कि विज्ञप्ति को बेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
6– प्राधिकरण नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ।

अधीक्षण अभियन्ता
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण
देहरादून।